Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:14 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:32 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 228 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 6 मार्च 2025



पहाड़ बचाओ यात्रा मल्लीताल...पेज-4 पर

## नशे के बढ़ते मकड़जाल में हल्द्वानी, जगह-जगह बिक रहा नशे का सामान

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

शहर में नशे का कारोबार बेरोकटोक फल-फूल रहा है। शहर के कई इलाकों में नशीले पदार्थों की आसानी से उपलब्धता ने चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नशे का सामान खुलेआम बेचा जा रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। हालांकि पुलिस नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कथित तौर पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बावजूद नशे का धंधा पूरी तरह से रुक नहीं पा रहा है। नशे के कारोबार के साथ-साथ शहर में एक और गंभीर समस्या सामने आई है। शहर की पॉश कालोनियों में सेक्स रैकेट का धंधा भी धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन कालोनियों में अवैध गतिविधियों का जाल फैला हुआ है, जिसमें महिलाओं को पैसे के लिए ऑफर किया जाना आम बात हो गई है। पिछले दिनों एक महिला को सरेआम पैसे देकर ऑफर दिए जाने की घटना ने इस गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। हालांकि, पुलिस इन गतिविधियों से अनजान बनी हुई है। पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल और स्पॉ सेंटरों पर छापेमारी करके अपने कर्तव्यों की इति श्री करने में जुटी हुई है, लेकिन इसके बावजूद शहर में नशे और सेक्स रैकेट का कारोबार बदस्तूर जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते ये गैरकानूनी धंधे फल-फूल रहे हैं। नशे और सेक्स रैकेट के बढ़ते कारोबार ने शहर की सामाजिक और नैतिक व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। युवाओं के बीच नशे की लत बढ़ने से अपराधों में इजाफा हुआ है, वहीं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब तक पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक इन समस्याओं का समाधान मुश्किल है। शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले में सरकार और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि नशे और सेक्स रैकेट जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए सरकार को एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है, ताकि शहर की युवा पीढ़ी और महिलाओं को सुरक्षित और बेहतर भविष्य मिल सके। अब यह देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन इन गंभीर मुद्दों पर कितनी गंभीरता से काम करती है और शहर को इन अवैध गतिविधियों से मुक्त कर पाती है या नहीं।

> *शीघ्र ही नगर में देह व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा जल्द ही यह गोरख धंधा करने वाली महिलाएं व पुरुष सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे इसके लिए पुलिस अपने खुफिया को तंत्र लगाएगी, । इतना ही नहीं हुक्का बारों में भी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा साथ ही पास कॉलोनी में बने पी जी ओ में भी अभियान चलाया जाएगा।*
> ***- प्रहलाद मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल***

### रिजॉट और पीजी में भी चल रहा गोरखधंधा

शहर की पॉश कालानियों के अलावा शहर के कई पीजी और आसपास के क्षेत्रों में बने रिजॉर्ट भी अवैध कारोबार के लिए कुख्यात बताए जा रहे हैं। इन स्थानों पर बिना किसी रोकटोक के सैक्स रैकेट का धंधा संचालित हो रहा है। वहीं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल मानो गहरी नींद में सोया हुआ है। टीम स्पा सेंटरों और इक्का दुक्का रेस्टोरेंट और होटलों में अभियान चलाकर अपना पल्ला झाड़ रही है।

## News कॉर्नर

### शिवनगर गोलीकांड,3 नामजद पुलिस गिरफ्तारी में जुटी

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने युवक पर फायरिंग करने के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। शिवनगर वार्ड नंबर 8 निवासी सुरेश पुत्र राम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि उसका पुत्र अंकित 4 मार्च 2025 को समय लगभग रात्रि 9:30 बजे मोहल्ले में ही फास्टफूड की दुकान से मोमो खाकर अपने दोस्त अमित के साथ पैदल पैदल घर आ रहा था। तभी गली में ही आंगनबाडी के पास पहले से घात लगाए बैठे सूरज पांडेय निवासी भदईपुरा वार्ड 14 रूद्रपुर,बॉबी चौधरी तथा जय प्रकाश निवासी प्रीतविहार रूद्रपुर जो पुत्र अंकित को पहले से जानते थे। आरोप है कि वह लोग किसी कारणवश रंजीश रखते हैं और पुत्र को गली में देखते ही तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली बेटे की बायी जांघ में लगी। गोली लगने पर पुत्र मौके पर ही लहूलुहान की हालत में जमीन पर गिर गया। बाद में वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुत्र को सरकारी अस्पताल लेकर गए। तहरीर में बताया कि पुत्र की जांघ में गोली फंसी है ।हालत काफी गम्भीर है।

हर्षिल में उतरा प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर

## मुखबा में प्रधानमंत्री, मां गंगा को नमन कर की पूजा-अर्चना

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री मोदी का हेलिकॉप्टर हर्षिल पहुंचा। एमआई 17 हेलिकॉप्टर से पीएम पहुंचे। यहां से पीएम सीधे मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा के लिए रवाना होंगे। मुखबा स्थित गंगा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मिनट तक मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में दर्शन के लिए आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने एक्स पर अपनी इस उत्सुकता को साझा किया है।



मुखबा स्थित गंगा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 मिनट तक मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की। मुखबा मां गंगा का शीतकालीन प्रवास है। इधर जिला प्रशासन चमोली की सीमा दर्शन की शुरूआती कवायद से स्थानीय लोगों में खुशी है। पीएम की जनसभा स्थल पर बिना पास के कोई भी ग्रामीण नहीं जा पाएगा। चीन सीमा पर पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट मोड पर हैं। पीएम के कार्यक्रम के दौरान हर्षिल और मुखबा क्षेत्र जीरो जोन रहेगा। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण पीएम के दौरे को लेकर काफी उत्साहित हैं, सीमांत गांव के ग्रामीण गुरुवार सुबह 7 बजे से ही जनसभा स्थल पर पहुंचने शुरू हो गए हैं गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में दर्शन के लिए आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने एक्स पर अपनी इस उत्सुकता को साझा किया है।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुखबा में पतित पावनी मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल के दर्शन को लेकर मैं बहुत-बहुत उत्सुक हूं। यह पावन स्थल अपने आध्यात्मिक महात्मय और अद्भुत सौंदर्य के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं, यह विरासत भी और विकास भी के हमारे संकल्प का एक अनुपम उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मुझे प्रसन्नता है कि देवभूमि उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इससे जहां धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है, वहीं होम स्टे सहित कई स्थानीय व्यवसायों को भी फलने-फूलने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पीएम की इस पोस्ट पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लिखा कि प्रधानमंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से मुखबा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन। आपकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में देवभूमि के धार्मिक स्थल का पुनर्विकास हो रहा है।

## काठगोदाम से मुंबई सेंट्रल को सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के यात्रियों के लिए रेलवे ने एक नई और अहम ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया है। ग्रीष्मकालीन सीजन को ध्यान में रखते हुए काठगोदाम से मुंबई सेंट्रल के बीच एक सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरू किया गया है, जो कुमाऊं के पर्यटन और स्थानीय यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

यह ट्रेन जून तक 16 फेरों के साथ चलेगी और उत्तराखंड के प्रवासियों, पर्यटकों के लिए एक विशेष तोहफा होगी।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन संख्या 09075 मुंबई काठगोदाम मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल, मार्च में 12, 19 और 26 तारीख को, अप्रैल में 2, 9, 16, 23 और 30 तारीख को, मई में 7, 14, 21 और 28 तारीख को और जून में 4, 11, 18 और 25 तारीख को चलेगी। वहीं काठगोदाम से यह ट्रेन 09076 के रूप में 13, 20, 27 मार्च, 3, 10, 17, 24 अप्रैल, 1, 8, 15, 22, 29 मई, और 5, 12, 19, 26 जून को संचालित की जाएगी।यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी और रास्ते में वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, लालकुआं, हल्द्वानी होते हुए काठगोदाम पहुंचेगी। वापसी में, काठगोदाम से शाम 5:30 बजे यह ट्रेन शुरू होकर, बदायूं, कासगंज, हाथरस, मथुरा, भरतपुर, हिंडौन सिटी, रतलाम, वडोदरा, उधना, वलसाड, वापी होते हुए मुंबई सेंट्रल तक पहुंचेगी।इस ट्रेन के संचालन से न केवल कुमाऊं क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा, बल्कि मुंबई, मध्य प्रदेश और राजस्थान से उत्तराखंड आने-जाने वाले पर्यटकों की यात्रा को भी सुविधाजनक बनाया जाएगा। यह ट्रेन कुमाऊं के पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की यात्रा को भी आसान बनाएगी।



## डीएम भदौरिया ने न्यायालय वादों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**निरीक्षण**
- एडीएम नजूल कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपर जिलाधिकारी नजूल/प्रशासन कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय वादों को त्वरितगति से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी वादों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें व पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने फौजदारी, गुण्डा एक्ट, स्टांप, चकबन्दी, सिलिंग, खनन वादों को भी त्वरित गति से निस्तरण करने के निर्देश दिये। उन्होने बोर्ड ऑफ रेवन्यू से प्राप्त वादों की जानकारी लेते हुए उन्हे त्वरित गति से निस्तारित करने तथा सही वैल्यूसन करते हुए जर्वाना राजस्व वसूली कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बड़े मूल्य लेख पत्रों की जांच कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। डीएम ने पत्रावलियों व पंजिकाओं के ठीक से रख-रखाव करने, पुराने पत्रावलियों को रिकार्ड रूम में भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने निबंधन कार्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य प्रशसनिक अधिकारी मोहन दिवाकर, पेशकार जिलाधिकारी न्यायालय संजीव पालीवाल, अहलमद हेम चन्द्र पाण्डे आदि मौजूद थे।

## नैनीताल में महिला होली जुलुस के साथ फागोतस्व की शुरुआत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में फागोतस्व की शुरुआत महिला होली जुलुस के साथ हो गई है। गुरुवार को तल्लीताल धर्मशाला से वैष्णन देवी मंदिर होते हुए जुलुस माल रोड होते हुए मल्लीताल बाजार से राम सेवक सभा पंहुचा। जुलुस में महिलाएं व विभिन्न स्कूली बच्चें मौजूद रहें। जुलुस राम सेवक सभा पहुंचने के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



इस दौरान महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि 29 वे फागोत्सव का आयोजन 6 मार्च से 15 मार्च तक होगा। 7 को महिला दलों द्वारा होली प्रस्तुत की जाएगी। 8 मार्च को महिला बैठकी होली, 9 मार्च को चीर धारण और रंग धारण, 10 मार्च को आंवला एकादशी तथा एकल होली गायन, 11 मार्च को स्कूली बच्चे होली गायेंगे तथा 12 मार्च को श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकार होली प्रस्तुति देंगे। 13 मार्च को होली रंग जलूस तथा पुरुषों की होली तथा होलिका दहन रात्रि में होगा तथा छलडी 15 मार्च को होगी। बताया कि इस वर्ष 2 कुंतल हर्बल रंगों से होली खेली जाएगी। इस दौरान इस दौरान अध्यक्ष मनोज लाल साह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, मुकेश जोशी, मिथिलेश पांडे, प्रबंधक विमल शाह, मोहित लाल शाह,आरती बिष्ट, राधा पांडे खोलिया, सोनू साह, ज्योति, रीना मेहरा, भुवन बिष्ट आदि मौजूद रहे।


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव
देवभूमि उत्तराखण्ड में
शीतकालीन
तीर्थाटन एवं पर्यटन
माँ गंगा का
शीतकालीन प्रवास
गंगा मंदिर
मुखीमठ, मुखवा (उत्तरकाशी)
माँ यमुना का
शीतकालीन प्रवास
यमुना मंदिर
खरसाली (उत्तरकाशी)
श्री केदारनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
ओंकारेश्वर मन्दिर
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)
श्री बदरीनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
योगध्यान बद्री मन्दिर
पांडुकेश्वर (चमोली)
मुखीमठ, मुखवा माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है।
शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर
माँ गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखवा लाया जाता है और
शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में माँ गंगा की पूजा की जाती है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

माँ गंगा के शीतकालीन प्रवास

# गंगा मंदिर

मुखवा, हर्षिल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड

आगमन पर

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

का

# हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

बृहस्पतिवार, दिनांक 06 मार्च, 2025 | प्रातः 09.00 बजे

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा

माँ गंगा मन्दिर में दर्शन एवं पूजा।

उत्तराखण्ड शीतकालीन पर्यटन प्रदर्शनी का अवलोकन।

रैलियों और पदयात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवानगी।

हर्षिल में सार्वजनिक समारोह।

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर**

## उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य

- उत्तराखण्ड के पर्वत, कलकल बहती नदियां और मन को शान्ति पहुंचाने वाले मंदिरों से तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को मिलता है प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक शान्ति का अहसास।
- सर्दियों के महीने में शांत पहाड़ों के बीच ध्यान, योग और आत्म-चिंतन की अनुभूति से जीवन को मिलता है नया अनुभव।
- औली, नैनीताल और मसूरी जैसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन में स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो ट्रैकिंग की सुविधा पर्यटकों के लिए रोमांचकारी।
- राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए विश्व प्रसिद्ध है देवभूमि उत्तराखण्ड।




सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

#ExploreUttarakhand @DIPR_UK

News कॉर्नर

## 7 मार्च को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा कठगोदम के तत्वाधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस अशय की जानकारी भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनय खुल्लर ने दी। ,डॉ खुल्लर ने बताया रक्तदान महादान है अत इसे प्रत्येक 18 वर्ष से लेके 60 वर्ष तक का कोई व्यक्ति दे सकता है कुछ स्वास्थ्य संबंधित लक्षणों को छोड़ के यथा एनीमिया, अधिक शुगर वाला व्यक्ति , जल्दी ही बुखार या दवाईया जिसकी चल रही होया जल्द शल्य क्रिया कराया व्यक्ति आदि।

# नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति की बैठक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा, जल शक्ति मंत्रालय एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान से उत्तराखण्ड के पांच शहरों (गंगोत्री-यमुनोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी-काठगोदाम, रामनगर)में शहरी नदी प्रबंधन योजना विकसित की जानी प्रस्तावित है।

इसी क्रम में बुधवार को अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान की अध्यक्षता में कलैक्टेट नैनीताल सभागार में नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति की संबंध में बैठक आयोजित की



गयी। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत हल्द्वानी - रामनगर को विकसित किए जाने के संबंध में विचार किया गया। बैठक में मुख्य रुप से पर्यावरण, सामाजिक योगदान और आर्थिक प्रबंधन पहलू आदि पर विचार विमर्श किया गया। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ अर्बन अफेयर्स,आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार विक्टर शिंदे ने बताया कि नमामि गंगा का मुख्य उद्देश्य नदियों के किनारे बसे शहरों के विकास की योजना, नदी सुरक्षा, लोगों को नदियों का महत्त्व, प्रकृति से जोड़ना, नदियों को दूषित होने से बचाने के साथ ही पर्यटन को देना है।

इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करने की बात कही। ताकि प्रोजेक्ट बेहतर तरीके और समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग को रीवर साइड प्लान तैयार करने को कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान ने परियोजना के तहत संबंधित विभागीय अधिकारियों को आकड़े बना कर एजेंसी को उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने परियोजना के तहत टीम गठन करने की निर्देश दिए।

इस दौरान नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त नगर निगमहल्द्वानी डॉ. मनोज काण्डपाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश सिंह, अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पेयजल निगम हल्द्वानी ऐ.के . कटारिया, परियोजना प्रबंधक उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) कुलदीप सिंह, परियोजना प्रबंधक, उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) नैनीताल नीरज उपाध्याय, उप संभागीय वन अधिकारी गणेश दत्त जोशी, विक्टर शिंदे एवं इस्लीन कौर, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, रोहित जयाड़ा, मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे, उत्तराखण्ड आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नशे के इंजेक्शनों के साथ पकड़े तस्करों को भेजा जेल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ पकड़े गए तस्करों को कार्रवाई के बाद आज न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बता दें कि कोतवाली और एसओजी की टीम द्वारा तीनपानी बाईपास पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था, जब पुलिस को दो युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिए।

पुलिस ने उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली, और उनके पास से नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मो. अनस उर्फ गुल्ला (पुत्र अब्दुल गफूर) और मो. मुशीर (पुत्र मो. नईम) के रूप में हुई है, जो बनभूलपुरा के निवासी हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशीले इंजेक्शनों को दिलशाद नामक व्यक्ति से खरीदकर हल्द्वानी में ऊंचे दामों पर बेचते थे।



उल्लेखनीय है कि आरोपी मो. अनस पहले भी अवैध गैस रिफिलिंग मामले में जेल जा चुका है और उसके खिलाफ नशीले इंजेक्शन की खरीद-फरोख्त से जुड़ी कई शिकायतें दर्ज थीं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी प्रहलाद मीणा ने इस सफल अभियान में शामिल पुलिस टीम को सराहा और 2,500 रुपये का इनाम घोषित किया। इस अभियान में एसएसआई रोहताश सिंह सागर, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, एएसआई अशोक जोशी, हे. कां. ललित श्रीवास्तव, कां. संतोष बिष्ट, चंदन नेगी, अरुण राठौर और प्रकाश कार्की ने महत्वपूर्ण योगदान दिया

# पालिका प्रशासन ने हटाया फड़ कारोबारियों को पंत पार्क से

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद प्रशासन ने बुधवार को फड़ कारोबारियों को पंत पार्क से हटाया। उन्हें पालिका के समीप बनाए गए अस्थाई वेंडिंग जोन में स्थान दिया गया।

बता दें कि पालिका की ओर से बनाए गए स्थाई वेंडिंग जोन में हटकर कुछ लोग फि र से पंत पार्क में अपनी दुकान सजाने लगे हैं। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। प्रशासन के निर्देश पर बुधवार को पालिका ने संबंधित लोगों को वहां से हटाया। कुछ फड़ कारोबारियों ने इसका विरोध किया। सूचना पर संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गई थी जबकि पुलिस बल तथा ईओ दीपक गोस्वामी भी मौके पर थे। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने पालिका प्रशासन को निर्देश दिए कि वह पूर्व के चिंहित तथा सत्यापन कराने वाले 121 को पालिका के समीप व्यवस्था करे फि र अन्य के लिए पहल की जाएगी। टीम में अमन कुमार समेत फड़ हटाने के लिए अधिकृत टीम के सदस्य शामिल रहे।



# लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक आयजित चुनाव 16 को होंगे संपन्न

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि क्लब के वार्षिक चुनाव 16 मार्च (रविवार) को अपराह्न दो बजे से राज्य अतिथि गृह में संपन्न कराएं जाएंगे।

बैठक में वार्षिक चुनाव कराने के लिए सर्व सम्मति से रेखा त्रिवेदी को चुनाव अधिकारी एवं डा. प्रगति जैन को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि चुनाव क्रमश: अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव ,संस्थापक अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर पदों के लिए होगा। उन्होंने सभी क्लब के सदस्यों से चुनाव में भाग लेने की अपील की। बता दें लेक सिटी वेलफेयर क्लब के चुनाव का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है। बैठक के अंत में क्लब की पूर्व अध्यक्ष रानी शाह की माता रीवा शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

बैठक में विनीता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, प्रेमा अधिकारी, हेमा भट्ट, सरिता त्रिपाठी, दीपिका बिनवाल, तनु सिंह, जीवंती भट्ट, आभा शाह, कविता त्रिपाठी, मीनू बुदुलाकोटी, अमिता शाह, कंचन जोशी, नीरू शाह, ज्योति वर्मा तथा डा.पल्लवी तथा रमा भट्ट आदि उपस्थित थी। संचालन सचिव दीपा पांडे ने किया।



## आईपीएस अधिकारी निहारिका तोमर को एसपी क्राइम की जिम्मेदारी मिली

**रुद्रपुर।** शासन ने जनपद में आईपीएस अधिकारी निहारिका तोमर को एसपी क्राइम और एसपी यातायात की जिम्मेदारी सौंपी है। निहारिका तोमर को एसपी क्राइम की जिम्मेदारी मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बधाई दी। पिछले दिनों कई आईपीएस अधिकारीयों के कार्य क्षेत्रों में फेरबदल किया। इसी में सीओ सिटी का कार्यभार संभाल रही आईपीएस अधिकारी निहारिका तोमर को इसी जनपद में एसपी क्राइम व एसपी यातायात पद पर तैनाती हुई।

# भूमियाधार में कौशलम कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के जीआईसी भूमियाधार में बुधवार को कौशलम कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बता दें कि कार्यक्रम में कक्षा 11वीं की छात्रा मानसी, वैशाली, इशिका, सोनम, तनीषा, इशिता, सौम्या तथा प्रिया समेत कक्षा 7वीं व 8वीं की छात्राओं ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र आर्य और इतिहास के प्रवक्ता विजय सिंह अधिकारी ने बताया कि स्कूल को

**कार्यक्रम**

- जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

अप्रैल 2025 में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस कौशलम कार्यक्रम का उद्देश्य फेंके गए या अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी उत्पाद बनाकर छात्रों की अंतर्निहित प्रतिभा को विकसित करना और उनमें उद्यमशीलता कौशल विकसित करना है। छात्रों ने अपने हाथ से बने उत्पादों जैसे पेन स्टैंड, बेकार कार्ड बोर्ड पर पेंटिंग तथा लकड़ी के तख्तों और कपड़ों पर बनाए गए विभिन्न रंगों के ऐपण डिजाइन करने के लिए बहुत उत्साह दिखाया जो न केवल उत्तराखंड की समृद्ध परंपराओं का प्रसार करने में बल्कि छात्रों को स्वरोजगार की संभावनाओं के लिए प्रोत्साहित करने में भी महान कलात्मक मूल्य रखते हैं। कार्यक्रम को सफल आयोजन में कार्यालय कर्मी पूरन चन्द्र एवं जीतेन्द्र पाठक ने भी अपना अहम योगदान दिया।

# पहाड़ बचाओ यात्रा मल्लीताल पहुंची, पुतला फूंका

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड की ओर से पहाड़ी हिन्दू सशक्ति अभियान के तहत चल रही पहाड़ बचाओ यात्रा बुधवार को मल्लीताल पंत पार्क में पहुंची। जहां लोगों को संबोधित करने के बाद नारेबाजी कर वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, ऋतु खंडुरी, महेंद्र भट्ट का पुतला फूंका गया।

इस दौरान पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत हरीश रावत ने कहा कि 25 वर्षों में रणनीतिक पार्टियों ने प्रदेश को गर्त में धकेल दिया मूलभूत समस्याओं में काम करने के बजाय प्रदेश में ऊलजुलूल कानून थोपे जा रहे है उन्होंने कहा पहाड़ विरोधी लोग



सजग रहें। अब पहाड़ का व्यक्ति बाहरियों का अतिक्रमण बिल्कुल सहन नहीं करेगा। प्रदेश में जो बाहरी लोगों की दादागिरी गुंडागर्दी कर रहे है उनको जवाब दिया जाएगा। राजनीति, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों में बाहरियों के कब्जे छुड़ाने का समय है राज्य एक बड़ा आंदोलन और माँग रहा है राज्यवासी तैयार रहे।

उन्होंने कहा कि बाहरी क्षेत्र के लोगों को प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ देकर पहाड़ी हिंदूओं की नौकरी, भूमि संसाधन आदि छीने जा रहे हैं। हरीश रावत ने कहा सदन में वित्तमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल द्वारा जिस अभद्र भाषा में पहाड़ी समाज को गाली दी वह पहाड़ियों के लिए असहनीय है जिसके लिए माफी नाकाफी है। वहीं जिला अध्यक्ष मोहन कांडपाल ने बताया कि 26 फरवरी से चंपावत से इस पहाड़ बचाओ की शुरुआत हुई जो पिथौरागढ़ ,बागेश्वर अल्मोड़ा , रानीखेत,द्वाराहाट , चौखुटिया मासी होते हुए आज नैनीताल पहुंची जिसके बाद 9 मार्च को हल्द्वानी में पहाड़ी स्वाभिमान रैली आयोजित कि गई है। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत,जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल, सहयोजक विनोद शाही गौरव गोस्वामी, कमलेश जेठी, एडवोकेट नवीन चंद्र, राजेंद्र भंडारी, कपिल साह, दीपक गंगोला, मोहित राणा,अरुण साह, विनोद नेगी भगवंत राणा,आदि मौजूद रहे।